वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 8 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

मेडिकल छात्रों की नीट पीजी-2023 संबंधी मांगों पर सकारात्मक निर्णय स्वागत योग्य: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मेडिकल छात्रों की नीट पीजी-2023 के लिए इंटर्नशिप अर्हता पूर्ण करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त करने तथा नीट-पीजी 2023 के लिए आवेदन करने हेतु पोर्टल पुनः खोलने संबंधी निर्णय का स्वागत करती है। इस निर्णय से प्रभावित छात्रों को राहत मिली है।

गौरतलब है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने 2 फरवरी 2023 को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा था, ज्ञापन के माध्यम से अभाविप ने नीट-पीजी 2023 की परीक्षा तिथि तथा काउंसलिंग में अंतर को कम करने, इंटर्नशिप पूर्ण करने की अंतिम तिथि बढ़ाने तथा नीट-पीजी 2023 के लिए आवेदन पोर्टल पुनः खोलने आदि मांगें रखी थीं, जिसमें से 2 मांगें मान ली गईं हैं।

मेडिविजन के राष्ट्रीय संयोजक अभिनंदन बोकरिया ने कहा कि," हमारी इंटर्नशिप अर्हता तथा पोर्टल खोलने संबंधी मांगे मान ली गई हैं, पूर्व में इंटर्नशिप अर्हता की अन्तिम तिथि के कारण कई राज्यों के हजारों छात्र प्रभावित हो रहे थे। 11 अगस्त, 2023 तक इंटर्नशिप पूर्ण करने का अवसर मिलने से नीट-पीजी 2023 के हजारों अभ्यर्थियों को लाभ होगा।"

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," नीट पीजी-2023 को लेकर कई तरह की मुश्किलें थीं, अभाविप नीट-पीजी के संदर्भ में लगातार छात्रों के मुद्दों के समाधान की मांग सरकार से कर रही थी। पोर्टल खोलने से नीट-पीजी 2023 के लिए आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों को पुनः अवसर मिलेगा, अभाविप सरकार को छात्रों के मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करती है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)